राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की नियामक प्रदर्शन रेटिंग रिपोर्ट

प्रथम रिपोर्ट
2025

Power Foundation of India

आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

द्वारा संयुक्त रिपोर्ट

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की नियामक प्रदर्शन रेटिंग रिपोर्ट

प्रथम रिपोर्ट

2025

मनोहर लाल
MANOHAR LAL

विद्युत मंत्री एवं
आवासन और शहरी कार्य मंत्री
भारत सरकार

Minister of Power and
Minister of Housing and Urban Affairs
Government of India



संदेश

भारत का विद्युत क्षेत्र देश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास के प्रमुख प्रेरक कारकों में से एक है। जैसे-जैसे देश सतत विकास में वैश्विक नेतृत्व की अपनी आकांक्षा की ओर अग्रसर हो रहा है, प्रत्येक नागरिक को विश्वसनीय, किफायती और गुणवत्तापूर्ण विद्युत की उपलब्धता हमारे **विकसित भारत@2047** के विज़न का केंद्र बिंदु है। इस परिप्रेक्ष्य में, नियामक संस्थाओं का सशक्तिकरण एवं क्षेत्रीय शासन में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) की नियामक प्रदर्शन रेटिंग संबंधी प्रथम रिपोर्ट 2025, जिसे पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने आरईसी लिमिटेड के सहयोग से तैयार किया है, भारत के विद्युत क्षेत्र को वित्तीय रूप से सुदृढ़, तकनीकी रूप से आधुनिक, पर्यावरणीय रूप से संधारणीय तथा पूर्णतः उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की निरंतर यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पिछले एक दशक में, भारत सरकार ने विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम, विलंबित भुगतान अधिभार नियम तथा हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस नियम जैसे व्यापक और परिवर्तनकारी सुधार किए हैं, जिनका स्पष्ट उद्देश्य 24x7 विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण और किफायती विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। भारत के विद्युत क्षेत्र के विकास का अगला चरण हमारी नियामक संरचना की प्रभावशीलता, दूरदर्शिता और निरंतरता पर अधिकाधिक निर्भर करेगा।

यह रिपोर्ट राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में नियामक प्रदर्शन का अनुशासित, साक्ष्य-आधारित और पारदर्शी मूल्यांकन प्रस्तुत करती है। यह सराहनीय पद्धतियों को रेखांकित करती है, सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करती है तथा संस्थागत क्षमता और नियामक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने के लिए एक सुस्पष्ट मार्ग प्रस्तुत करती है।

मैं पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया और आरईसी लिमिटेड को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूँ। मुझे विश्वास है कि यह रिपोर्ट नीति-निर्माताओं, नियामकों, वित्तपोषण संस्थानों, डिस्कॉम्स तथा अन्य हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में कार्य करेगी और भारत के भविष्योन्मुखी, समावेशी एवं सतत विद्युत क्षेत्र के निर्माण के हमारे लक्ष्य को साकार करने में सार्थक योगदान देगी।

(मनोहर लाल)

Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110 001 Phone : +91-11-23717474, 23710411, Fax : +91-11-23710065

श्रीपाद नाईक
राज्य मंत्री
विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

SHRIPAD NAIK
Minister of State for Power and
New and Renewable Energy
Government of India

संदेश

भारत का विद्युत क्षेत्र एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के विनियामक निष्पादन की रेटिंग संबंधी पहली रिपोर्ट 2025 एक व्यापक और वस्तुनिष्ठ दृष्टि प्रदान करती है जिसके माध्यम से विनियामक परिदृश्य को आकलित किया जा सकता है और उसे मजबूत किया जा सकता है।

विद्युत तक सार्विक पहुंच को सक्षम करने, वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने, नवीकरणीय ऊर्जा के दक्ष एकीकरण की सुविधा प्रदान करने, उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा करने और निवेश एवं नवाचार के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए एक मजबूत विनियामक फ्रेमवर्क अपरिहार्य है। गुणात्मक आपूर्ति, पारदर्शिता, समय पर निर्णय और विश्वसनीय सेवा के लिए बढ़ती अपेक्षाओं के साथ, राज्य विनियामक आयोगों (एसईआरसी) को क्षेत्रीय विकास के साथ विकसित होना चाहिए।

यह रिपोर्ट सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों का मूल्यांकन संसाधन पर्याप्तता, लागत-प्रतिबिंबित प्रशुल्क, निष्पादन के मानक, नवीकरणीय खरीद दायित्व, खुली पहुंच और संस्थागत शासन सहित व्यापक मापदंडों के आधार पर करती है। यह रिपोर्ट व्यवस्थित रूप से उपलब्धियों और कमियों, दोनों की पहचान करके, राज्यों को विनियामक प्रकर्ष को प्राप्त करने के लिए एक रचनात्मक रूपरेखा प्रदान करती है।

मैं पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा आरईसी लिमिटेड को इस महत्वपूर्ण और समयानुकूल पहल के लिए बधाई देता हूँ। मुझे उम्मीद है कि यह रिपोर्ट सहयोगपूर्ण सुधार की भावना को बढ़ावा देगी, विनियामक नवाचार को प्रेरित करेगी, और एक आधुनिक, दक्ष और उपभोक्ता-उन्मुख विद्युत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के अपने प्रयासों में एसईआरसी को सहयोग प्रदान करेगी।

(श्रीपाद नाईक)

Office : Room No. 516, 5th Floor, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110001
Tel. : 011-23720450, 23720451, Fax : 011-23720452, E-mail: mosoffice-power@gov.in, shripad.naik@sansad.nic.in
Res. (Delhi) : 1, Lodhi Estate, New Delhi-110003 Tel: 011-24635396 Fax : 011-24656910
Res. (Goa) : "Vijayshree" House No. 111, St. Pedro, Old Goa, Goa-403402 Tel.: 0832-2444510, 0832-2444088

पंकज अग्रवाल, भा.प्र.से.
सचिव
Pankaj Agarwal, I.A.S.
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली-110001
Government of India
Ministry of Power
Shram Shakti Bhawan, New Delhi - 110001
Tele : 23710271/23711316
Fax : 23721487
E-mail : secy-power@nic.in

संदेश

प्रत्येक नागरिक को विश्वसनीय, किफायती और सतत विद्युत आपूर्ति करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए न केवल नीतिगत सुधारों की आवश्यकता होती है बल्कि उन सशक्त विनियामक प्रक्रियाओं की भी आवश्यकता होती है जो अनुशासित कार्यान्वयन, वित्तीय विवेक और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करती है। इस संदर्भ में, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के विनियामक निष्पादन की रेटिंग संबंधी पहली रिपोर्ट 2025 एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल है।

यह रिपोर्ट सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विनियामक कार्यों का विस्तृत और व्यवस्थित मूल्यांकन प्रस्तुत करती है, जिसमें प्रशुल्क आदेश, ट्रूअप निर्णय-, संसाधन पर्याप्तता विनियम, निष्पादन के मानक, नवीकरणीय ऊर्जा अधिदेश और उपभोक्ता सेवा फ्रेमवर्क जैसे सत्यापनीय विनियामक संसाधनों का उपयोग किया गया है। इस तरह के संरचित दृष्टिकोण से पारदर्शिता बढती है और सतत विनियामक परिणाम आते हैं।

मैं पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा आरईसी लिमिटेड के इस व्यापक विश्लेषणात्मक प्रयास की सराहना करता हूँ। मुझे विश्वास है कि यह रिपोर्ट साक्ष्य-आधारित नीतिनिर्माण को मजबूत करेगी तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में एक आधुनिक, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विद्युत क्षेत्र के निर्माण के साथ विनियामक निष्पादन की बेंचमार्किंग को सक्षम करेगी।

पंकज

(पंकज अग्रवाल)

संदेश

मुझे पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आरईसी लिमिटेड के सहयोग से तैयार की गई राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों की नियामक प्रदर्शन रेटिंग पर संबंधी प्रथम रिपोर्ट, 2025 प्रस्तुत करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। यह रिपोर्ट गहन अनुसंधान, विश्लेषणात्मक गहराई तथा संस्थागत सुदृढ़ीकरण के माध्यम से विद्युत क्षेत्र को सशक्त बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है।

विनियम विद्युत पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला हैं, जो पूर्वानुमेय प्रशुल्क निर्धारण, अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, संसाधन पर्याप्तता, उपभोक्ता संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा के प्रभावी एकीकरण तथा पारदर्शी शासन को सुनिश्चित करते हैं। इनकी केंद्रीय भूमिका को ध्यान में रखते हुए, यह रिपोर्ट संसाधन पर्याप्तता, वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की वित्तीय व्यवहार्यता, जीवन एवं व्यवसाय संचालन की सुगमता, ऊर्जा संक्रमण तथा विनियामक शासन जैसे पाँच प्रमुख स्तंभों के आधार पर सभी राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के विनियामक प्रदर्शन का समग्र मूल्यांकन प्रस्तुत करती है।

इस रिपोर्ट की तैयारी में उपयोग की गई सूचना को 31 मार्च 2025 तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जारी विनियमों, प्रशुल्क और ट्रू-अप आदेशों और अन्य संगत आदेशों से सीधे प्राप्त की गई है, जिससे वस्तुनिष्ठता, पता लगाने की क्षमता और एकरूपता सुनिश्चित होती है। तुलनात्मक अंतर्दृष्टि प्रस्तुत करके रिपोर्ट विनियामकों, नीति निर्माताओं और अन्य क्षेत्र के हितधारकों के बीच परस्पर ज्ञान प्राप्ति, सर्वोत्तम परिपाटियों को अपनाने और रचनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करती है।

जैसे-जैसे भारत एक स्वच्छ, डिजिटल रूप से सक्षम, उपभोक्ता-केंद्रित तथा निवेश-अनुकूल ऊर्जा भविष्य की दिशा में दृढ़तापूर्वक अग्रसर हो रहा है, विनियामक पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। मुझे आशा है कि यह रिपोर्ट राज्य स्तर पर विनियामक प्रयासों को राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ समन्वित करने हेतु एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज सिद्ध होगी।

मैं आरईसी लिमिटेड के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ तथा इस अग्रणी आकलन के विकास में पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के योगदान को सराहता हूँ। हम राष्ट्र के लिए एक मजबूत, भविष्य के लिए तैयार और न्यायसंगत विद्युत क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डॉ. श्रीकांत नागुलापल्ली
अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार
महानिदेशक, पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया

POWER FOUNDATION OF INDIA
B-28, Qutab Institutional Area, New Delhi-110 016
+91 11 -69650000, E mail: info@powerfoundation.org.in
Website: www.powerfoundation.org.in

जितेन्द्र श्रीवास्तव, भा.प्र.से.
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Jitendra Srivastava, IAS
Chairman & Managing Director

सत्यमेव जयते

आर ई सी
REC
असीमित ऊर्जा. अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
A MAHARATNA COMPANY

संदेश

भारत का विद्युत क्षेत्र सार्वभौमिक पहुंच, संधारणीयता, डिजिटलीकरण और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता के प्रति राष्ट्र की मजबूत प्रतिबद्धता से प्रेरित एक अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इस परिवर्तनशील परिदृश्य में, एक कुशल, पारदर्शी और दूरदर्शी विनियामक ढांचे की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है, ताकि वर्तमान सुधारों को प्रभावी रूप से लागू करते हुए उन्हें उपभोक्ताओं, विद्युत संस्थाओं और व्यापक अर्थव्यवस्था के लिए ठोस एवं मापनीय परिणामों में परिवर्तित किया जा सके।

इस संदर्भ में, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के विनियामक निष्पादन की रेटिंग 2025 का प्रथम संस्करण, पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आरईसी लिमिटेड के सहयोग से विकसित किया गया है। विद्युत मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के रूप में, आरईसी लिमिटेड ने वित्तपोषण, क्षमता निर्माण और विश्लेषणात्मक अध्ययनों के माध्यम से विद्युत क्षेत्र की संस्थाओं को निरंतर सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह रिपोर्ट इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जो यह समझने में हमारी सामूहिक क्षमता को सशक्त बनाती है कि विनियामक प्रक्रियाएं किस प्रकार क्षेत्रीय निष्पादन को प्रभावित करती हैं और विद्युत क्षेत्र में सुधारों को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाती हैं।

इस मूल्यांकन में विनियामक मापदंडों के व्यापक दायरे को शामिल किया गया है, जिसमें संसाधन पर्याप्तता, प्रशुल्क निर्धारण, वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की वित्तीय व्यवहार्यता, नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण, उपभोक्ता सेवाएं, मुक्त अभिगम का कार्य-ढांचा तथा संस्थागत शासन जैसे महत्त्वपूर्ण पहलू सम्मिलित हैं। इन सभी तत्वों का संरचित और डेटा-आधारित विश्लेषण करते हुए, यह रिपोर्ट विनियामक परिदृश्य में आवश्यक पारदर्शिता लाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है तथा राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में विनियामक निष्पादन का वस्तुनिष्ठ आकलन करने और उसे सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

स्वच्छ ऊर्जा, सुदृढ़ वितरण नेटवर्क, उत्तरदायी उपभोक्ता सेवाओं और स्थायी वित्तीय प्रथाओं से संचालित भविष्य की ओर भारत को सक्षम बनाने के लिए एक सशक्त विनियामक पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत आवश्यक है। मुझे विश्वास है कि यह रिपोर्ट नीति निर्माताओं, विनियामकों, डिस्कॉम तथा विद्युत क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के लिए एक महत्त्वपूर्ण संदर्भ के रूप में कार्य करेगी, जिससे उन्हें सुधार के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने, सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को अपनाने और संस्थागत क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ करने में सार्थक मार्गदर्शन प्राप्त होगा ।

मैं इस महत्त्वपूर्ण पहल के लिए पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया की सराहना करता हूँ और मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह विश्लेषणात्मक कार्य-ढांचा एक सशक्त भविष्य के लिए सजग और उपभोक्ता-केंद्रित विद्युत क्षेत्र के निर्माण में राष्ट्र को सार्थक दिशा प्रदान करेगा तथा विद्युत क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर निष्पादन को बढ़ावा देने में **महत्त्वपूर्ण** भूमिका निभाएगा ।

जितेन्द्र श्रीवास्तव, आईएएस
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

आभार

पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के नियामकीय प्रदर्शन के मूल्यांकन पर प्रथम रिपोर्ट के निर्माण में विभिन्न संस्थानों और हितधारकों से प्राप्त अमूल्य सहयोग और समर्थन के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है।

हम भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव श्री पंकज अग्रवाल; विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव तथा पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक डॉ. श्रीकांत नागुलापल्ली; विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के मुख्य अभियंता (रिफॉर्म्स एवं रिस्ट्रक्चरिंग) श्री हेमंत कुमार पांडेय; तथा विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक (NRE एवं RCM) श्री सुनील कुमार शर्मा और नियामकीय अनुपालन निगरानी (RCM) प्रभाग के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करते हैं। उनके निरंतर मार्गदर्शन तथा नीति-दिशा ने इस मूल्यांकन को प्रेरित करने और इसे दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हम REC लिमिटेड (RCM सेल, यूटिलिटी रिफॉर्म्स स्पेशल इंटरवेंशंस – गवर्नमेंट प्रोग्राम मैनेजमेंट डिवीजन (PMD)) के प्रति भी अपना विशेष आभार व्यक्त करते हैं, जिनके सहयोग और निरंतर समर्थन ने इस रिपोर्ट के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

हम राज्य विद्युत विनियामक आयोगों, राज्य वितरण कंपनियों (DISCOMs) तथा अन्य क्षेत्रीय संस्थानों के योगदान को भी स्वीकार करते हैं, जिन्होंने परामर्श प्रक्रिया के दौरान सक्रिय भागीदारी और महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।

अंततः, हम उन सभी विषय-विशेषज्ञों, सहकर्मी समीक्षकों (peer reviewers) तथा अन्य हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान अपने मूल्यवान विचार और दृष्टिकोण साझा किए। उनके महत्वपूर्ण सुझावों और अंतर्दृष्टियों ने इस अग्रणी मूल्यांकन की गहराई और विश्वसनीयता को और सुदृढ़ किया है।

विषयवस्तु

कार्यकारी सार 1

1. संसाधन पर्याप्तता 3

2. डिस्कॉम की वित्तीय व्यवहार्यता 4

2.क समय पर प्रशुल्क आदेश जारी करना 4

2.ख लागत परावर्तक प्रशुल्क 5

2.ग विनियामक परिसंपत्तियों का गैर-निर्माण 6

2.घ ईंधन और विद्युत खरीद लागत समायोजन अधिभार 7

3. जीवन यापन में आसानी/ कारोबार करना 9

4. ऊर्जा संक्रमण 11

4.क हरित ऊर्जा मुक्त पहुंच 11

4.ख नवीकरणीय खरीद दायित्व 11

5. विनियामक शासन 14

परामर्श प्रक्रिया 14

6. स्कोरिंग पद्धति 15

7. रेटिंग और परिणामों का सार 19

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रेटिंग विनियामक निष्पादन का सार 21

8. राज्यवार स्कोरकार्ड 23

9. परिशिष्ट 99

अस्वीकरण और प्रकाशनाधिकार

अस्वीकरण

1. सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए ग्रेड एक विशिष्ट मापदंडों के सेट पर विचार करके प्राप्त किए गए हैं और यदि विभिन्न मापदंडों का उपयोग किया जाता है तो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निष्पादन में परिवर्तन हो सकता है।
2. रिपोर्ट का अगला संस्करण, वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2026-27 की कुल राजस्व आवश्यकता (एआरआर) के ट्रू-अप के लिए, अतिरिक्त मापदंडों को शामिल करेगा, अर्थात, ऊर्जा भंडारण, प्रशुल्क श्रेणियों के सरलीकरण और युक्तिकरण जिसमें प्रशुल्क प्रसार में कमी और निश्चित शुल्क के माध्यम से प्रशुल्क में निश्चित लागत की वसूली शामिल है।
3. केवल सूचना के प्राथमिक स्रोतों पर विचार किया गया है अर्थात राज्य विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा जारी और उनकी सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित नियमावली/विनियम/आदेश।

प्रकाशनाधिकार

इस रिपोर्ट के किसी भी भाग को पूर्व अनुमति के बिना गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए पुन: प्रस्तुत किया जा सकता है, बशर्ते कि पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई) और आरईसी लिमिटेड को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया जाए, और प्रकाशित सामग्री की एक प्रति पीएफआई और आरईसी लिमिटेड दोनों के साथ साझा की जाए।

कार्यकारी सार

यह पेज जानबूझकर
खाली छोड़ा गया है

01 कार्यकारी सार

1. भारत सरकार ने विद्युत उपभोक्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई सुधारात्मक पहलें शुरू की हैं, जिनका लक्ष्य 24×7 विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण तथा हरित बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना है, साथ ही लागत-परिलक्षित (Cost Reflective) टैरिफ को भी लागू करना है। इन सुधारों को विभिन्न नियमों के निर्माण के माध्यम से आगे बढ़ाया गया है, जिनमें प्रमुख रूप से बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020, लेट पेमेंट सरचार्ज नियम, 2022, तथा ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस नियम, 2022 आदि शामिल हैं। इन सुधारों की सफलता मुख्यतः वितरण लाइसेंसधारकों (Distribution Licensees) के प्रदर्शन पर निर्भर करती है।

2. वितरण क्षेत्र, जो अंतिम उपभोक्ताओं और विद्युत क्षेत्र की संपूर्ण मूल्य शृंखला के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करता है, भारतीय विद्युत क्षेत्र का एक प्रमुख प्रेरक (Prime Mover) है। यह अंतिम उपभोक्ताओं से राजस्व संग्रहण के लिए उत्तरदायी होता है तथा इस राजस्व को विद्युत क्षेत्र की संपूर्ण मूल्य शृंखला—जैसे उत्पादन कंपनियाँ (Generating Companies), प्रेषण लाइसेंसधारक (Transmission Licensees), विद्युत व्यापारी (Traders) तथा लोड डिस्पैच संचालक (Load Despatch Operators)—तक प्रवाहित करता है।

3. वितरण लाइसेंसधारक (जिन्हें आगे "DISCOMs" के रूप में संदर्भित किया गया है) संपूर्ण विद्युत आपूर्ति शृंखला में राजस्व प्राप्ति (Revenue Realisation) के लिए अंतिम रूप से उत्तरदायी होते हैं। इस कारण, वे भारतीय विद्युत क्षेत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण उपयोगिताएँ (Utilities) हैं। DISCOMs का विनियमन विभिन्न नियामक निकायों द्वारा किया जाता है, जिनकी भूमिका उनके प्रदर्शन को प्रभावित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली होती है।

4. यद्यपि AT&C (Aggregate Technical & Commercial) हानियों में समय के साथ सुधार हुआ है, फिर भी अधिकांश DISCOMs वित्तीय दृष्टि से अस्थिर बनी हुई हैं और लगातार वित्तीय घाटे का सामना कर रही हैं। वित्तीय वर्ष 2020–21 में DISCOMs का संचयी वित्तीय घाटा ₹5.93 लाख करोड़ था, जो बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में लगभग ₹6.47 लाख करोड़ हो गया है। DISCOMs की नेट वर्थ (Net Worth) भी वित्तीय वर्ष 2020–21 से लगातार नकारात्मक बनी हुई है तथा इसमें गिरावट का रुझान दिखाई देता है। यह वित्तीय वर्ष 2020–21 में ₹(-)1,03,056 करोड़ थी, जो वित्तीय वर्ष 2022–23 में घटकर ₹(-)1,65,987 करोड़ हो गई और वित्तीय वर्ष 2023–24 में और अधिक गिरकर ₹(-)1,73,365 करोड़ तक पहुँच गई। इसके विपरीत, AT&C हानियों में सुधार देखा गया है, जो वित्तीय वर्ष 2020–21 में 21.91% से घटकर वित्तीय वर्ष 2023–24 में 16.12% रह गई हैं।

5. संविधान की समवर्ती सूची (Concurrent List) में विद्युत विषय के अंतर्गत होने तथा बिजली अधिनियम, 2003 ("अधिनियम") के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार, वितरण कंपनियों (DISCOMs) का विनियमन कई विषयों पर किया जाता है, जिनमें अधिनियम की धारा 62 के अंतर्गत टैरिफ निर्धारण भी शामिल है। उक्त अधिनियम के उद्देश्य एवं कारणों के विवरण (Statement of Objects and Reasons) के पैरा 1.3 में यह उल्लेख किया गया है कि टैरिफ निर्धारण की प्रक्रिया को सरकार से पृथक रखने के उद्देश्य से विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 अधिनियमित किया गया था।

   इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 61, जिसमें टैरिफ विनियमों (Tariff Regulations) के लिए रूपरेखा निर्धारित करते समय उपयुक्त आयोग (Appropriate Commission) को विभिन्न कारकों से मार्गदर्शित होने का प्रावधान है, यह भी सुनिश्चित करती है कि विद्युत की लागत की वसूली एक उचित एवं संतुलित तरीके से की जाए।

   राज्य विद्युत विनियामक आयोग (SERCs), DISCOMs को लाइसेंस प्रदान करते हैं तथा उस लाइसेंस की अवधि समाप्त होने तक उनका विनियमन करते हैं। अधिनियम की अन्य महत्वपूर्ण धाराएँ, जिनका उल्लेख नीचे किया गया है, SERCs को टैरिफ तथा अन्य ऐसे मापदंड निर्धारित करने का अधिकार या

[1]विद्युत यूटिलिटियों के निष्पादन के संबंध में पीएफसी रिपोर्ट वित्त वर्ष 2023-24 https://www.pfcindia.co.in/ensite/DocumentRepository/ckfinder/files/Operations/Performance_Reports_of_State_Power_Utilities/ Report_on_Performance_of_Power_Utilities_2023-24.pdf

दायित्व प्रदान करती हैं जिनका DISCOMs की राजस्व वसूली, परिचालन व्यवस्था और वित्तीय प्रदर्शन पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

- **धारा 14, 15, 16, 19, 20, 23 एवं 24** इन धाराओं के अंतर्गत SERCs को लाइसेंस प्रदान करने, लाइसेंस से संबंधित प्रक्रियाएँ एवं शर्तें निर्धारित करने, लाइसेंस निरस्त करने, वितरण लाइसेंस को निलंबित करने आदि की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं।
- **धारा 61** *(टैरिफ विनियम):* यह धारा SERCs को टैरिफ निर्धारण के लिए आवश्यक शर्तें और नियम निर्धारित करने का अधिकार प्रदान करती है।
- **धारा 62** *(टैरिफ निर्धारण):* यह धारा SERCs को किसी वित्तीय वर्ष के लिए टैरिफ निर्धारित करने का अधिकार देती है तथा ईंधन अधिभार (Fuel Surcharge) के माध्यम से उसी वित्तीय वर्ष के भीतर टैरिफ में एक से अधिक बार संशोधन करने की अनुमति भी प्रदान करती है।
- **धारा 64** *(टैरिफ आदेश की प्रक्रिया)* यह धारा SERCs को टैरिफ आदेश जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित करने का अधिकार देती है तथा यह प्रावधान करती है कि टैरिफ आदेश जारी करने से पूर्व सार्वजनिक टिप्पणियाँ और सुझाव आमंत्रित किए जाएँ।
- **धारा 57 एवं 181** *(प्रदर्शन मानक एवं विनियम बनाने की शक्तियाँ):* इन धाराओं के अंतर्गत SERCs को टैरिफ, ग्रिड मानक, विद्युत गुणवत्ता, लाइसेंसिंग, शिकायत निवारण तंत्र आदि से संबंधित विनियम बनाने की विभिन्न शक्तियाँ प्रदान की गई हैं।
- **धारा 86** *(राज्य आयोग के कार्य):* इस धारा के अंतर्गत SERCs को कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गए हैं, जैसे— टैरिफ निर्धारण, DISCOMs द्वारा विद्युत क्रय का विनियमन, सह-उत्पादन (Co-generation) एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन को प्रोत्साहित करना, ग्रिड कोड निर्धारित करना, राज्य के भीतर संचरण एवं व्हीलिंग को सुगम बनाना, लाइसेंस जारी करना तथा लाइसेंसधारकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और निरंतरता से संबंधित प्रदर्शन मानकों को निर्धारित या लागू करना।
- **धारा 42** *(ओपन एक्सेस):* इस धारा के अंतर्गत SERCs को ओपन एक्सेस लागू करने तथा उससे संबंधित अधिभार (Surcharges) निर्धारित करने की शक्ति प्रदान की गई है।
- **धारा 142 एवं 146** *(आयोग के निर्देशों के अनुपालन न करने पर दंड):* इन धाराओं के अनुसार, आयोग के निर्देशों का उल्लंघन या अनुपालन न करने की स्थिति में आयोग संबंधित व्यक्ति पर दंड अथवा कारावास सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई कर सकता है।

6. अतः, वितरण कंपनियों (DISCOMs) की निरंतर बिगड़ती वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए—जो विभिन्न नियामकीय प्रावधानों के अंतर्गत विनियमित हैं—यह आवश्यक महसूस किया गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नियामकीय प्रदर्शन का आकलन तथा नियमित निगरानी की जाए।

   भारत सरकार का विद्युत मंत्रालय (Ministry of Power) अपने वार्षिक एकीकृत रेटिंग अभ्यास (Integrated Rating Exercise) के माध्यम से विद्युत वितरण उपयोगिताओं के प्रदर्शन का आकलन और उनकी रैंकिंग करता रहा है। तथापि, अब तक नियामकीय संस्थानों के प्रदर्शन का कोई समग्र एवं व्यवस्थित मूल्यांकन नहीं किया गया है।

   इसी परिप्रेक्ष्य में, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नियामकीय प्रदर्शन का एक संरचित आकलन ढाँचा विकसित करने की आवश्यकता अनुभव की गई, जिससे यह समझा जा सके कि नियामकीय संस्थाएँ किस प्रकार DISCOMs के परिचालन, वित्तीय स्थिरता तथा उपभोक्ता हितों को प्रभावित करती हैं।

7. पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PFI), जो भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय (Ministry of Power) के संरक्षण में स्थापित एक गैर-लाभकारी संस्था (Not-for-Profit Society) है तथा जिसे केंद्रीय विद्युत क्षेत्र की प्रमुख संगठनों का समर्थन प्राप्त है, विद्युत क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं और निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए विद्युत क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

   REC लिमिटेड के सहयोग से PFI ने यह रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के नियामकीय प्रदर्शन का आकलन निम्नलिखित प्रमुख नियामकीय मानकों (Regulatory Parameters) के आधार पर किया गया है:

   1. संसाधन पर्याप्तता (विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति)

   2. DISCOMs की वित्तीय स्थिरता
   - a) टैरिफ / टू-अप आदेशों का समय पर निर्गमन
   - b) लागत-परिलक्षित टैरिफ
   - c) नियामकीय परिसंपत्तियों का अभाव (No Regulatory Assets)
   - d) ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (FPPAS)

   3. जीवन की सुगमता / व्यवसाय करने की सहजता
   - a) विद्युत कनेक्शनों का निर्गमन
   - b) मीटरों का परीक्षण एवं प्रतिस्थापन
   - c) नेट मीटरिंग कनेक्शन
   - d) 150 kW तक के नए कनेक्शनों के लिए पूर्व-निर्धारित मांग शुल्क
   - e) ओपन एक्सेस
   - f) विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता

   4. ऊर्जा संक्रमण
   - a) ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस
   - b) नवीकरणीय क्रय दायित्व (RPO)

   5. नियामकीय शासन (Regulatory Governance)

8. इस रिपोर्ट के निर्माण में प्रयुक्त जानकारी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 31.03.2025 तक जारी किए गए विनियमों, टैरिफ आदेशों, टू-अप आदेशों तथा अन्य संबंधित आदेशों से सीधे प्राप्त की गई है। इन आधारों पर 30.06.2025 तक के लिए प्रोराटा आधार पर अंक प्रदान किए गए हैं।

9. इस रिपोर्ट के निर्माण में प्रयुक्त प्रत्येक मानक (Parameter) को शामिल करने के औचित्य का विस्तृत विवरण आगामी अनुभागों में प्रस्तुत किया गया है।

1. संसाधन पर्याप्तता [32 अंक]

10. अधिनियम की धारा 86(1)(b) के अनुसार राज्य आयोग को DISCOMs द्वारा विद्युत क्रय तथा विद्युत खरीद प्रक्रिया का विनियमन करना अनिवार्य है। इसमें उत्पादन कंपनियों, लाइसेंसधारकों या अन्य स्रोतों से राज्य के भीतर वितरण एवं आपूर्ति के लिए किए जाने वाले विद्युत क्रय समझौतों के अंतर्गत विद्युत की खरीद मूल्य का विनियमन भी शामिल है।

11. टैरिफ नीति, 2016 का खंड 8 विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति से संबंधित विभिन्न पहलुओं को निम्नानुसार संबोधित करता है:

> ***"8. वितरण***
>
> *निर्धारित मानकों के अनुरूप विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति को दक्षतापूर्वक तथा उचित दरों पर उपलब्ध कराना राष्ट्रीय विद्युत नीति के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। लाइसेंसधारकों को वांछित सेवा स्तर तक शीघ्र प्राप्त करने के लिए एक उपयुक्त संक्रमण ढाँचा प्रदान किया जा सकता है। यदि लाइसेंसधारक निर्धारित मानकों को पूरा करने में विफल रहते हैं, तो अधिनियम की धारा 57 के अनुसार उन पर दंड लगाया जा सकता है।"*

12. इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय (MoP) ने दिनांक 29.12.2022 को बिजली (संशोधन) नियम, 2022 अधिसूचित किए, जिनमें राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (SERCs) को संसाधन पर्याप्तता (Resource Adequacy) से संबंधित विनियम बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यह विनियम केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा, यदि उपलब्ध हों, तो फोरम ऑफ रेगुलेटर्स (Forum of Regulators) द्वारा तैयार मॉडल विनियमों के अनुरूप बनाए जाने हैं। नियमों का संबंधित अंश निम्नानुसार है:

> ***"16. संसाधन पर्याप्तता:-*** *(1) उत्पादन योजना चरण (एक वर्ष या उससे अधिक) तथा परिचालन योजना चरण (एक वर्ष तक) के दौरान संसाधन पर्याप्तता के आकलन हेतु दिशानिर्देश इन नियमों के लागू होने की तिथि से छह माह के भीतर, प्राधिकरण के साथ परामर्श कर केंद्र सरकार द्वारा जारी किए जाएंगे।*
>
> ***(2) राज्य आयोग, केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा, यदि उपलब्ध हों, तो फोरम ऑफ रेगुलेटर्स द्वारा तैयार मॉडल विनियमों के अनुरूप संसाधन पर्याप्तता से संबंधित विनियम बनाएगा। वितरण लाइसेंसधारक इन विनियमों के अनुरूप संसाधन पर्याप्तता योजना तैयार करेंगे तथा आयोग की स्वीकृति प्राप्त करेंगे।***
>
> *(3) राज्य आयोग, केंद्र सरकार द्वारा जारी संसाधन पर्याप्तता दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट समयसीमा के अनुसार प्रत्येक वितरण लाइसेंसधारक की संसाधन पर्याप्तता की समीक्षा करेगा।*
>
> *(4) आयोग द्वारा अनुमोदित संसाधन पर्याप्तता लक्ष्य का पालन न करने की स्थिति में राज्य आयोग गैर-अनुपालन शुल्क निर्धारित कर सकता है।"*

13. इस संदर्भ में, भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) ने दिनांक 28.06.2023 को बिजली (संशोधन) नियम, 2022 के नियम 16 के अंतर्गत भारत के लिए संसाधन पर्याप्तता योजना रूपरेखा (Resource Adequacy Planning Framework) संबंधी दिशानिर्देश अधिसूचित किए हैं। इन दिशानिर्देशों में SERCs की भूमिका को स्पष्ट किया गया है, जिसमें दीर्घकालिक, मध्यमकालिक तथा अल्पकालिक अनुबंधों के लिए प्लानिंग रिजर्व मार्जिन (Planning Reserve Margin) निर्धारित करना शामिल है। साथ ही इन दिशानिर्देशों में संसाधन पर्याप्तता योजना के लिए समयसीमाएँ भी निर्धारित की गई हैं।

14. अधिनियम की धारा 61 यह अनिवार्य करती है कि उपयुक्त आयोग टैरिफ निर्धारण के लिए शर्तें और नियम निर्धारित करते समय बहुवर्षीय टैरिफ (Multi-Year Tariff) सिद्धांतों से मार्गदर्शित होगा। राज्य संचरण उपयोगिता (STU) तथा DISCOMs के लिए बहुवर्षीय पूंजीगत व्यय योजना (Multi-year CAPEX Plan) विद्युत निकासी की उचित योजना सुनिश्चित करती है।

15. **उपर्युक्त प्रावधानों की पृष्ठभूमि में, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन संसाधन पर्याप्तता से संबंधित निम्नलिखित उप-मानकों के आधार पर किया गया है:**

    a) संसाधन पर्याप्तता विनियमों का निर्माण

    b) प्लानिंग रिजर्व मार्जिन का निर्धारण

    c) CEA के दिनांक 28.06.2023 के दिशानिर्देशों के अनुरूप संसाधन पर्याप्तता योजना की समयसीमा

    d) SERC द्वारा अनुमोदित संसाधन पर्याप्तता लक्ष्य का पालन न करने पर गैर-अनुपालन शुल्क

    e) STU के लिए न्यूनतम 3-वर्षीय अनुमोदित CAPEX योजना

    f) DISCOMs के लिए न्यूनतम 3-वर्षीय अनुमोदित CAPEX योजना

16. प्रत्येक उप-मानक के अनुसार अंक निर्धारण का विवरण *स्कोरिंग मेथडोलॉजी अनुभाग* में दिया गया है।

2. वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिरता [25 अंक]

2.A टैरिफ / ट्रू-अप आदेशों का समय पर निर्गमन [10 अंक]

17. अधिनियम की धारा 64 टैरिफ आदेश जारी करने की प्रक्रिया को निर्धारित करती है, जिसमें उपधारा (3) के अनुसार उपयुक्त आयोग को आवेदन प्राप्त होने के 120 दिनों के भीतर, जनता से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात टैरिफ आदेश जारी करना होता है। हालांकि, इस धारा में टैरिफ आदेश की समय पर प्रभावशीलता, अर्थात् संबंधित वित्तीय वर्ष की शुरुआत से लागू होने का स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

18. टैरिफ आदेशों और ट्रू-अप आदेशों के समय पर निर्गमन की आवश्यकता को माननीय विद्युत अपीलीय अधिकरण (APTEL) ने अपने निर्णय दिनांक 11.11.2011 (OP No. 1 of 2011) में स्पष्ट किया है। इस निर्णय के अनुसार, विद्युत मंत्रालय के सचिव द्वारा 21.01.2011 को APTEL के अध्यक्ष को एक पत्र भेजा गया था, जिसमें यह बताया गया था कि अधिकांश राज्य वितरण उपयोगिताओं ने समय पर वार्षिक टैरिफ संशोधन याचिकाएँ दाखिल नहीं की हैं। परिणामस्वरूप कई राज्यों में कई वर्षों तक टैरिफ संशोधन नहीं हुआ और राज्य आयोग भी समय-समय पर टैरिफ संशोधन करने में विफल रहे, जिससे राज्य वितरण उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई। इस पत्र के आधार पर माननीय APTEL ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सभी राज्य आयोगों और फोरम ऑफ रेगुलेटर्स को नोटिस जारी किए तथा उनके प्रत्युत्तर आमंत्रित किए और इसके पश्चात उपर्युक्त निर्णय दिया।

19. उक्त निर्णय में टैरिफ आदेशों और ट्रू-अप आदेशों के समय पर निर्गमन से संबंधित महत्वपूर्ण अंश निम्नानुसार हैं:

"57. इस अधिकरण ने बार-बार यह कहा है कि व्ययों का नियमित और समय पर ट्रू-अप किया जाना आवश्यक है क्योंकि:

(a) कोई भी प्रक्षेपण वास्तविक स्थिति के समान पूर्णतः सटीक नहीं हो सकता।

(b) पिछले वर्षों का भार या लाभ भविष्य के उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाना चाहिए।

(c) टैरिफ निर्धारण और ट्रू-अप में देरी से निम्नलिखित समस्याएँ उत्पन्न होती हैं:

(i) उपभोक्ताओं पर अनुचित कैरिंग कॉस्ट का बोझ पड़ता है, जैसा कि राष्ट्रीय टैरिफ नीति के पैरा 5.3(h)(4) में भी उल्लेखित है।

(ii) लाइसेंसधारकों के लिए नकदी प्रवाह की समस्या उत्पन्न होती है।

65. उपर्युक्त विश्लेषण और चर्चा के आधार पर राज्य आयोगों को निम्नलिखित निर्देश दिए जाते हैं:

(i) प्रत्येक राज्य आयोग यह सुनिश्चित करे कि वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा, पिछले व्ययों का ट्रू-अप, वार्षिक राजस्व आवश्यकता (ARR) तथा टैरिफ निर्धारण का कार्य नियत समयानुसार प्रत्येक वर्ष किया जाए।

(ii) प्रत्येक राज्य आयोग का प्रयास होना चाहिए कि संबंधित वित्तीय वर्ष का टैरिफ 1 अप्रैल से पूर्व निर्धारित कर दिया जाए।

(iii) यदि ARR, ट्रू-अप या वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के लिए याचिका नियत समय से एक माह से अधिक विलंब से दाखिल होती है, तो राज्य आयोग को अधिनियम की धारा 64 तथा टैरिफ नीति के प्रावधानों के अनुसार स्वतः संज्ञान लेते हुए टैरिफ निर्धारण की कार्यवाही आरंभ करनी चाहिए।

(iv) ट्रू-अप नियमित रूप से और अधिमानतः प्रत्येक वर्ष किया जाना चाहिए।"

20. उपर्युक्त से स्पष्ट है कि माननीय APTEL ने यह भी निर्णय दिया है कि यदि उपयोगिताएँ आवेदन प्रस्तुत नहीं करती हैं, तब भी SERCs स्वतः संज्ञान लेते हुए आवश्यक आँकड़े एवं जानकारी एकत्र कर सकते हैं तथा अधिनियम और टैरिफ नीति के प्रावधानों के अंतर्गत टैरिफ निर्धारित कर सकते हैं।

21. अतः टैरिफ निर्धारण को एक समयबद्ध प्रक्रिया के रूप में माना जाना चाहिए। यदि उपयोगिताओं की ओर से किसी प्रकार की लापरवाही के कारण देरी होती है, तो SERCs को अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। टैरिफ और ट्रू-अप आदेशों का समय पर तथा लागत-परिलक्षित निर्धारण विद्युत क्षेत्र की आपूर्ति शृंखला में बढ़ी हुई लागतों को समय पर पारित करने में सहायक होता है, जिससे उपयोगिताओं का नकदी प्रवाह संतुलित रहता है और वे उपभोक्ताओं को निरंतर तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम होती हैं। इससे नियामकीय परिसंपत्तियों के निर्माण, कैरिंग कॉस्ट के भार तथा उपभोक्ताओं पर अचानक टैरिफ वृद्धि के प्रभाव से भी बचाव होता है।

22. उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन निम्नलिखित आधारों पर किया गया है:

(i) वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ARR एवं टैरिफ का समय पर निर्धारण

(ii) वित्तीय वर्ष 2023-24 के ट्रू-अप का 31.03.2025 तक निष्पादन

23. प्रत्येक उप-मानक के अनुसार अंक निर्धारण का विवरण *स्कोरिंग मेथडोलॉजी अनुभाग* में दिया गया है।

2.B लागत-परिलक्षित टैरिफ [6 अंक]

24. माननीय APTEL ने अपने निर्णय दिनांक 11.11.2011 (OP No. 1 of 2011) में लागत-परिलक्षित टैरिफ के महत्व को निम्नानुसार स्पष्ट किया है:

> *"56. इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि बिजली अधिनियम, 2003 को अधिनियमित करने का विधायी उद्देश्य प्रभावी विनियमन सुनिश्चित करना है, जिसकी प्रमुख विशेषताएँ टैरिफ का युक्तिकरण तथा धारा 61 में निहित सिद्धांतों और राष्ट्रीय टैरिफ नीति के अनुरूप समय पर लागत-परिलक्षित टैरिफ निर्धारण हैं।"*

25. अधिनियम की धारा 62 राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (SERCs) को यह अधिकार प्रदान करती है कि वे अपने द्वारा विनियमित उन उपयोगिताओं के लिए, जो विद्युत के उत्पादन, संचरण तथा वितरण में संलग्न हैं, लागत-प्लस (Cost-Plus) आधार पर टैरिफ का निर्धारण करें। वहीं धारा 63 SERCs को पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित टैरिफ को अपनाने का अधिकार प्रदान करती है। वितरण लाइसेंसधारकों के लिए SERCs द्वारा लागत-परिलक्षित टैरिफ का निर्धारण अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यही विद्युत आपूर्ति शृंखला में राजस्व के प्रवाह की आधारशिला स्थापित करता है।

26. माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने PTC India बनाम CERC मामले में अपने दिनांक 15.03.2010 के निर्णय में यह निर्णय दिया कि "टैरिफ" शब्द के अंतर्गत केवल दरों का निर्धारण ही नहीं, बल्कि उससे संबंधित नियम एवं विनियम भी शामिल होते हैं। अधिनियम की धारा 61 और 62 के माध्यम से उपयुक्त आयोग अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप वास्तविक टैरिफ का निर्धारण करता है, जिसमें धारा 61 के अंतर्गत उपयुक्त आयोग द्वारा निर्धारित शर्तें और नियम भी शामिल होते हैं। बिजली अधिनियम, 2003 के अंतर्गत धारा 62 को धारा 64 के साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि यद्यपि टैरिफ निर्धारण विधायी प्रकृति का है, फिर भी अधिनियम के अंतर्गत धारा 111 के माध्यम से इसके विरुद्ध अपील की जा सकती है। ये प्रावधान—विशेष रूप से धारा 61, 62 और 64—यह दर्शाते हैं कि विनियामक आयोग द्वैध प्रकृति के कार्य करते हैं, अर्थात् वे एक ओर निर्णय लेते हैं और दूसरी ओर टैरिफ निर्धारण के लिए आवश्यक शर्तों एवं नियमों को निर्दिष्ट करते हैं।

27. इसी प्रकार, माननीय APTEL ने अपने दिनांक 04.09.2012 के निर्णय (अपील सं. 94 of 2012) में कहा है कि 'Regulate' शब्द का दायरा व्यापक है और इसका आशय केवल टैरिफ निर्धारण तक सीमित नहीं है। अधिनियम की धारा 61 और 79 केवल टैरिफ से ही संबंधित नहीं हैं, बल्कि टैरिफ से जुड़ी शर्तों और नियमों से भी संबंधित हैं। इन शर्तों और नियमों में टैरिफ से संबंधित सभी प्रावधान सम्मिलित होते हैं।

28. इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय टैरिफ नीति, 2016 के खंड 8.3 में यह भी कहा गया है कि अधिनियम की धारा 61(g) के अनुसार उपयुक्त आयोग को इस उद्देश्य से मार्गदर्शित होना चाहिए कि टैरिफ क्रमिक रूप से विद्युत आपूर्ति की दक्ष एवं विवेकपूर्ण लागत को प्रतिबिंबित करे।

29. तथापि, संरचनात्मक सुधारों के बावजूद अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में DISCOMs के लिए निर्धारित टैरिफ अभी भी विद्युत आपूर्ति की वास्तविक लागत को प्रतिबिंबित नहीं करते। DISCOMs की औसत आपूर्ति लागत (ACS) और उनकी औसत बिलिंग दर (ABR) के बीच अभी भी अंतर बना हुआ है, जिसके कारण DISCOMs लगातार घाटा वहन कर रहे हैं और इससे संपूर्ण विद्युत क्षेत्र की आपूर्ति शृंखला प्रभावित हो रही है। कैश-एडजस्टेड ACS-ABR अंतर वित्तीय वर्ष 2023–24 में ₹0.39/kWh, वित्तीय वर्ष 2022–23 में ₹0.59/kWh तथा वित्तीय वर्ष 2021–22 में ₹0.33/kWh रहा।

30. विद्युत मंत्रालय (MoP) ने दिनांक 10.01.2024 को अधिसूचित बिजली (संशोधन) नियम, 2024 के माध्यम से स्वीकृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (Annual Revenue Requirement – ARR) और स्वीकृत टैरिफ से अनुमानित वार्षिक राजस्व के बीच अंतर के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान निर्धारित किए हैं:

> *"23. स्वीकृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (Annual Revenue Requirement – ARR) और स्वीकृत टैरिफ से अनुमानित वार्षिक राजस्व के बीच अंतर। टैरिफ लागत-परिलक्षित होना चाहिए और स्वीकृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता तथा स्वीकृत टैरिफ से अनुमानित वार्षिक राजस्व के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए, सिवाय प्राकृतिक आपदा की परिस्थितियों के, बशर्ते कि, यदि ऐसा कोई अंतर उत्पन्न होता है, तो वह स्वीकृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता के तीन प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।"*

[2]विद्युत यूटिलिटियों के निष्पादन के संबंध में पीएफसी रिपोर्ट वित्त वर्ष 2023-24 https://www.pfcindia.co.in/ensite/DocumentRepository/ckfinder/files/Operations/Performance_Reports_of_State_Power_Utilities/ Report_on_Performance_of_Power_Utilities_2023-24.pdf

31. नियमों में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किया गया है कि टैरिफ लागत-परिलक्षित (Cost Reflective) होना चाहिए और स्वीकृत समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता (Aggregate Revenue Requirement – ARR) तथा स्वीकृत टैरिफ से अनुमानित वार्षिक राजस्व के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए, सिवाय प्राकृतिक आपदा की परिस्थितियों के। यदि किसी स्थिति में ऐसा अंतर उत्पन्न होता है, तो वह स्वीकृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता के 3% से अधिक नहीं होना चाहिए।

32. कुछ मामलों में SERCs द्वारा निर्धारित औसत बिलिंग दर (Average Billing Rate – ABR), DISCOMs की औसत आपूर्ति लागत (Average Cost of Supply – ACS) को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होती, जिसके परिणामस्वरूप DISCOMs के लिए राजस्व अंतर (Revenue Gap) उत्पन्न हो जाता है। अत्यधिक राजस्व अंतर से नियामकीय परिसंपत्तियों (Regulatory Assets) का निर्माण होता है और DISCOMs समय पर केंद्रीय/राज्य उपयोगिताओं को भुगतान करने में असमर्थ हो जाते हैं, जिसके कारण उन पर लेट पेमेंट सरचार्ज (Late Payment Surcharge – LPSC) भी लग जाता है।

33. ABR और ACS के बीच नकारात्मक अंतर के कारण DISCOMs को अपनी विद्युत आवश्यकता तथा कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अल्पकालिक ऋण लेना पड़ता है। बढ़ती उधारी के कारण DISCOMs की विद्युत आपूर्ति लागत और अधिक बढ़ जाती है।

34. उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए लागत-परिलक्षित टैरिफ के नियामकीय मानक के आधार पर किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए राजस्व अंतर का आकलन विद्युत मंत्रालय द्वारा दिनांक 10.01.2024 को अधिसूचित बिजली (संशोधन) नियम, 2024 के अनुसार किया गया है।

35. प्रत्येक उप-मानक के अनुसार अंक निर्धारण का विवरण स्कोरिंग मेथडोलॉजी अनुभाग में दिया गया है।

2.C नियामकीय परिसंपत्तियों का निर्माण न होना [4 अंक]

36. टैरिफ के माध्यम से स्वीकृत आपूर्ति लागत (Cost of Supply) की वसूली न होने से संबंधित एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा नियामकीय परिसंपत्तियों (Regulatory Assets) का निर्माण है। नियामकीय परिसंपत्तियाँ उन अप्राप्त राजस्वों को संदर्भित करती हैं जिन्हें DISCOMs द्वारा उपभोक्ताओं से वसूल किया जाना होता है, किंतु उपभोक्ताओं पर आर्थिक अस्थिरता से बचाने के उद्देश्य से उन्हें तत्काल टैरिफ वृद्धि के माध्यम से नहीं वसूला जाता।

37. टैरिफ नीति, 2016 में नियामकीय परिसंपत्तियों के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान किए गए हैं:

> *"8.2.2 किसी विशेष वर्ष में टैरिफ के प्रभाव को सीमित रखने के उद्देश्य से अतीत में कुछ विनियामक आयोगों द्वारा नियामकीय परिसंपत्तियों की व्यवस्था अपनाई गई है।* ***हालांकि, इसका उपयोग केवल अत्यंत अपवादात्मक परिस्थितियों—जैसे प्राकृतिक आपदा*** *या फोर्स मेज्योर—की स्थिति में ही किया जाना चाहिए और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होना चाहिए:*
>
> *a. सामान्य परिस्थितियों में नियामकीय परिसंपत्तियों का निर्माण अनुमन्य नहीं होगा;*
>
> *b. लंबित नियामकीय परिसंपत्तियों की वसूली, उनके कैरिंग कॉस्ट सहित, समयबद्ध तरीके से की जानी चाहिए और यह अवधि सात वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए। राज्य आयोग इसके लिए उपयुक्त समय-सीमा निर्धारित कर सकता है।"*
>
> अतः टैरिफ नीति, 2016 में भी यह स्पष्ट किया गया है कि सामान्य परिस्थितियों में नियामकीय परिसंपत्तियों का निर्माण नहीं किया जाना चाहिए।

38. माननीय APTEL ने भी अपने दिनांक 11.11.2011 के निर्णय (OP No. 1 of 2011) में इस बात पर बल दिया है कि नियामकीय परिसंपत्तियों का निर्माण सामान्य प्रक्रिया के रूप में नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि इसके लिए पर्याप्त औचित्य न हो। उक्त निर्णय का प्रासंगिक अंश निम्नानुसार है:

> *"65. उपर्युक्त विश्लेषण और चर्चा के आधार पर हम राज्य आयोगों को निम्नलिखित निर्देश देना उचित समझते हैं:*
>
> *(iv) ... v) ARR/टैरिफ निर्धारण के दौरान राजस्व अंतर को लंबित नहीं छोड़ा जाना चाहिए और* ***नियामकीय परिसंपत्तियों का निर्माण सामान्यतः नहीं किया जाना चाहिए, सिवाय उन परिस्थितियों के जहाँ यह टैरिफ नीति और विनियमों के अनुरूप उचित हो।*** *नियामकीय परिसंपत्तियों की वसूली समयबद्ध होनी चाहिए और अधिकतम तीन वर्षों के भीतर, तथा अधिमानतः नियंत्रण अवधि (Control Period) के भीतर पूरी की जानी चाहिए। नियामकीय परिसंपत्तियों पर देय कैरिंग कॉस्ट को उस वर्ष के ARR में शामिल किया जाना चाहिए जिसमें नियामकीय परिसंपत्तियाँ बनाई गई हों, ताकि वितरण लाइसेंसधारक को नकदी प्रवाह की समस्या न हो।"*

39. इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय (MoP), भारत सरकार ने दिनांक 01.07.2022 के पत्र के माध्यम से सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (ऊर्जा/विद्युत) को "रीवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (RDSS), LIS, अतिरिक्त उधारी आदि के अंतर्गत महत्वपूर्ण शर्तों के संबंध में मानक

संचालन प्रक्रिया (Standard Operating Procedures), जिन्हें कार्यान्वयन और मूल्यांकन के दौरान अपनाया जाना है," के विषय में अवगत कराया। इस पत्र में नियामकीय परिसंपत्तियों के निर्माण के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान निर्दिष्ट किए गए हैं:

> ***"3.4. नई नियामकीय परिसंपत्तियों का निर्माण न किया जाना तथा मौजूदा नियामकीय परिसंपत्तियों का उपचार***
>
> *राज्य विनियामक आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त, परंतु खुदरा टैरिफ में संशोधन से बचने के लिए टैरिफ निर्धारण में शामिल न किए गए अवसंचित राजस्व अंतर (Uncovered Revenue Gap) से DISCOMs के लिए तरलता (Liquidity) संबंधी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।* ***तथाकथित नियामकीय परिसंपत्तियों का निर्माण ACS–ARR अंतर को बढ़ाने वाले कारकों में से एक है, जिससे आगे चलकर DISCOMs की वित्तीय स्थिरता प्रभावित होती है।*** *DISCOMs की वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए नियामकीय परिसंपत्तियों से संबंधित मुद्दों का समाधान करना अत्यंत आवश्यक है और यह RDSS योजना के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक है। वास्तव में, कानून में 'नियामकीय परिसंपत्तियों' जैसी किसी व्यवस्था का प्रावधान नहीं है और इसलिए ऐसी परिसंपत्तियों का निर्माण अनुमन्य नहीं होगा। इस संदर्भ में निम्नलिखित SOP का पालन किया जाना चाहिए:*
>
> *i. राज्य / DISCOM यह सुनिश्चित करें कि अतीत में निर्मित किसी भी नियामकीय परिसंपत्ति / अवसंचित राजस्व अंतर का परिसमापन विद्युत मंत्रालय की दिनांक 28.11.2016 की टैरिफ नीति के अनुरूप सात वर्षों के भीतर किया जाए।*
>
> *ii. राज्य / DISCOM यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में* ***नई नियामकीय परिसंपत्तियाँ / अवसंचित राजस्व अंतर का निर्माण न किया जाए, जैसा कि टैरिफ नीति में प्रावधानित है।***
>
> *iii. जो राज्य / DISCOM RDSS योजना का हिस्सा हैं, वे मौजूदा नियामकीय परिसंपत्तियों / अवसंचित राजस्व अंतर के परिसमापन को वित्तीय स्थिरता श्रेणी के अंतर्गत पर्याप्त वेटेज के साथ Result Evaluation Framework में शामिल करें।*
>
> *iv. जो राज्य / DISCOM RDSS का हिस्सा नहीं हैं, वे नियामकीय परिसंपत्तियों के परिसमापन के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करें और इसे विद्युत मंत्रालय को सूचित करें।"*

40. उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन वित्तीय वर्ष 2023–24 के ट्रू-अप तक निर्मित तथा संचित नियामकीय परिसंपत्तियों के निर्माण न होने के नियामकीय मानक के आधार पर किया गया है।

41. प्रत्येक उप-मानक के अनुसार अंक निर्धारण का विवरण *स्कोरिंग मेथडोलॉजी अनुभाग* में दिया गया है।

2.घ. ईंधन और विद्युत खरीद समायोजन अधिभार [5 अंक]

42. विद्युत क्रय लागत (Power Purchase Cost) DISCOMs के लिए एक प्रमुख व्यय है, जो उनकी समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता (Aggregate Revenue Requirement – ARR) का लगभग तीन-चौथाई भाग होती है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए टैरिफ आदेश (ARR एवं टैरिफ निर्धारण) में SERCs विद्युत क्रय लागत को अनुमान के आधार पर स्वीकृत करते हैं, जो मुख्यतः कोयला-आधारित विद्युत संयंत्रों से प्राप्त विद्युत पर आधारित होती है। तथापि, विद्युत क्रय लागत अनियंत्रित होती है (क्योंकि यह विद्युत बिक्री तथा ईंधन की कीमतों में परिवर्तन पर निर्भर करती है), इसलिए इसका समायोजन यथाशीघ्र किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा जारी टैरिफ नीति 2006 तथा 2016, जो अधिनियम की धारा 3 के अनुरूप अधिसूचित की गई है, यह भी अनिवार्य करती है कि अनियंत्रित लागतों की वसूली शीघ्रता से की जाए ताकि भविष्य के उपभोक्ताओं पर अतीत की लागतों का बोझ न पड़े। प्रासंगिक अंश निम्नानुसार है:

> *"4) अनियंत्रित लागतों की शीघ्र वसूली की जानी चाहिए ताकि भविष्य के उपभोक्ताओं पर अतीत की लागतों का भार न पड़े। अनियंत्रित लागतों में (किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं) ईंधन लागत, मुद्रास्फीति के कारण होने वाली लागत, कर एवं उपकर, विद्युत क्रय की प्रति इकाई लागत में परिवर्तन, तथा प्रतिकूल प्राकृतिक घटनाओं के कारण उत्पन्न लागतें शामिल होंगी।"*

43. अधिनियम की धारा 62(4) के अंतर्गत विनियमों में निर्दिष्ट फ्यूल सरचार्ज सूत्र (Fuel Surcharge Formula) के आधार पर एक ही वित्तीय वर्ष के दौरान टैरिफ में एक से अधिक बार संशोधन करने का प्रावधान है। वितरण कंपनियों द्वारा खरीदी जाने वाली विद्युत का एक बड़ा भाग केंद्रीय क्षेत्र की उत्पादन कंपनियों से प्राप्त होता है, जिनका टैरिफ केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (CERC) द्वारा विनियमित किया जाता है, तथा राज्य स्वामित्व वाली उत्पादन कंपनियों से प्राप्त विद्युत का टैरिफ SERCs द्वारा विनियमित किया जाता है।

> *"धारा 62 (टैरिफ निर्धारण):*
>
> *(4) सामान्यतः किसी भी टैरिफ या उसके किसी भाग में एक ही वित्तीय वर्ष में एक से अधिक बार संशोधन नहीं किया जा सकता, सिवाय उन परिवर्तनों के जो विनियमों में निर्दिष्ट फ्यूल सरचार्ज सूत्र के अंतर्गत स्पष्ट रूप से अनुमत हों।"*

44. विद्युत क्रय लागत की समय पर वसूली से संबंधित वित्तीय वर्ष के टू-अप के समय उपभोक्ताओं पर कैरिंग कॉस्ट का अतिरिक्त भार पड़ने से भी बचाव होता है। इस संदर्भ में माननीय APTEL ने अपने निर्णय (OP No. 1 of 2011) में संज्ञान लेते हुए SERCs को यह निर्देश दिया कि वे विद्युत क्रय लागत समायोजन के लिए अधिमानतः मासिक आधार पर तंत्र निर्धारित करें, जैसा कि निम्नलिखित अंश में उल्लिखित है:

> *"65. उपर्युक्त विश्लेषण और चर्चा के आधार पर हम राज्य आयोगों को निम्नलिखित निर्देश देना उचित समझते हैं:*
>
> *(vi) ईंधन और विद्युत क्रय लागत वितरण कंपनियों के प्रमुख व्ययों में से एक है, जो अनियंत्रित प्रकृति की होती है। प्रत्येक राज्य आयोग को अधिनियम की धारा 62(4) के अनुरूप ईंधन एवं विद्युत क्रय लागत समायोजन का तंत्र स्थापित करना चाहिए। यह समायोजन अधिमानतः मासिक आधार पर किया जाना चाहिए, जैसा कि केंद्रीय आयोग के उत्पादन कंपनियों से संबंधित विनियमों में प्रावधान है, परंतु किसी भी स्थिति में यह त्रैमासिक अवधि से अधिक नहीं होना चाहिए। जिन राज्य आयोगों के पास अभी तक ऐसा सूत्र या तंत्र उपलब्ध नहीं है, उन्हें इस आदेश की तिथि से छह माह के भीतर इसे लागू करना होगा।"*

45. इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय ने दिनांक 29.12.2022 को अधिसूचित बिजली (संशोधन) नियम, 2022 के माध्यम से DISCOMs द्वारा विद्युत क्रय लागत में अंतर की समय पर और स्वचालित वसूली पर बल दिया है। इन नियमों के अनुसार SERCs को विद्युत क्रय लागत में परिवर्तन के कारण उत्पन्न अंतर की वसूली के लिए मूल्य समायोजन सूत्र निर्धारित करना होगा, ताकि ऐसी लागतों का प्रभाव उपभोक्ता टैरिफ में मासिक आधार पर स्वचालित रूप से समायोजित किया जा सके। इन नियमों में पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (Power Purchase Adjustment Surcharge) के रूप में विद्युत क्रय लागत के अंतर की समय पर वसूली हेतु सूत्र और पद्धति भी निर्दिष्ट की गई है, जिसमें दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक विद्युत क्रय लागत तथा प्रेषण शुल्क (Transmission Charges) में होने वाले परिवर्तन शामिल हैं।

46. वास्तविक विद्युत क्रय लागत और प्रेषण शुल्क की समय पर तथा स्वचालित वसूली से विद्युत क्रय लागत में होने वाले परिवर्तनों के पारित होने में देरी नहीं होती, जिससे DISCOMs के नकदी प्रवाह में सुधार होता है। साथ ही टू-अप के समय कैरिंग कॉस्ट के प्रभाव से उत्पन्न टैरिफ झटकों से उपभोक्ताओं को भी बचाया जा सकता है। विद्युत क्रय लागत में समय पर परिवर्तन की वसूली न होने से उत्पन्न नकदी प्रवाह की कमी DISCOMs की उपभोक्ताओं को प्रभावी रूप से 24×7 विद्युत आपूर्ति प्रदान करने की क्षमता को भी प्रभावित करती है।

47. उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नियामकीय प्रदर्शन का आकलन फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (FPPAS) से संबंधित निम्नलिखित मानकों के आधार पर किया गया है:

a) क्या विद्युत क्रय लागत के समय पर समायोजन हेतु FPPAS तंत्र उपलब्ध है?

b) FPPAS में परिवर्तन की आवृत्ति (मासिक / त्रैमासिक)

c) क्या FPPAS का स्वचालित पास-थ्रू अनुमत है या नहीं?

d) क्या FPPAS की गणना / सूत्र दिनांक 29.12.2022 के MoP नियमों की भावना के अनुरूप है?

48. प्रत्येक उप-मानक के अनुसार अंक निर्धारण का विवरण *स्कोरिंग मेथडोलॉजी अनुभाग* में दिया गया है।

3. जीवन यापन में आसानी/कारोबार करना [23 अंक]

49. अधिनियम के भाग-VI में उपभोक्ता संरक्षण: प्रदर्शन मानक (Standards of Performance) से संबंधित एक पृथक अध्याय का प्रावधान किया गया है, जो इसकी आवश्यकता और महत्त्व को रेखांकित करता है।

50. धारा 57 के अंतर्गत SERCs को यह अधिकार दिया गया है कि वे विनियमों के माध्यम से ट्रांसमिशन उपयोगिताओं तथा DISCOMs के लिए प्रदर्शन मानक (Standards of Performance – SOP) निर्धारित करें। साथ ही, यदि इन मानकों का उल्लंघन होता है, तो उपभोक्ताओं को DISCOMs द्वारा दिए जाने वाले क्षतिपूर्ति (Compensation) के निर्धारण की प्रक्रिया भी निर्धारित करने का अधिकार SERCs को प्राप्त है।

51. अधिनियम की धारा 42(5) के अनुसार DISCOM को SERC द्वारा निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों के अनुरूप उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए फोरम (Forum) की स्थापना करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त धारा 42(6) के अंतर्गत SERC को विद्युत लोकपाल (Electricity Ombudsman) की नियुक्ति करना आवश्यक है, जिसके पास वह उपभोक्ता अपील कर सकता है जिसकी शिकायत का निवारण DISCOM के फोरम द्वारा नहीं किया गया हो। आगे धारा 42(7) यह भी प्रावधान करती है कि लोकपाल उपभोक्ता की शिकायत का निस्तारण SERC द्वारा निर्धारित समयसीमा और प्रक्रिया के अनुसार करेगा।

52. धारा 43 के अंतर्गत DISCOMs पर सार्वभौमिक सेवा दायित्व (Universal Service Obligation) तथा उपभोक्ताओं को समयबद्ध विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने का दायित्व निर्धारित किया गया है। अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि यदि वितरण लाइसेंसधारक SERC द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने में विफल रहता है, तो वह दंड का भागी होगा।

53. अतः यह स्पष्ट है कि अधिनियम के प्रमुख उद्देश्यों में से एक उपभोक्ताओं को 24×7 गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा उनके हितों की रक्षा करना है।

54. माननीय मद्रास उच्च न्यायालय ने दिनांक 27.09.2013 को T.M. Prakash बनाम जिला कलेक्टर, तिरुवन्नामलाई, तमिलनाडु मामले में यह निर्णय दिया कि विद्युत तक पहुँच को मानवाधिकार के रूप में माना जाना चाहिए। आवश्यक शर्तें पूर्ण होने के बावजूद विद्युत कनेक्शन से वंचित करना मानवाधिकारों के उल्लंघन के समान होगा। माननीय उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के विधिक निर्णयों के आलोक में अधिनियम की धारा 43 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों को अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए ताकि परिसर के स्वामी या अधिभोगी को विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सके। इसी प्रकार का दृष्टिकोण केरल, कलकत्ता तथा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों द्वारा भी विद्युत के अधिकार के संबंध में व्यक्त किया गया है।

55. विद्युत मंत्रालय (भारत सरकार) ने दिनांक 31.12.2020 को बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 अधिसूचित किए, जिनका उद्देश्य उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करना है। इन नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधान किए गए हैं:

- विद्युत कनेक्शनों का समयबद्ध निर्गमन
- उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति
- रूफटॉप सोलर प्रणालियों की आसान और त्वरित स्थापना
- उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध समाधान
- मीटरों का समयबद्ध प्रतिस्थापन
- DISCOMs द्वारा सेवा में विलंब होने पर क्षतिपूर्ति / दंड आदि

56. इसके अतिरिक्त, बिजली (संशोधन) नियम, 2020 दिनांक 30.12.2020 के अनुसार नए विद्युत कनेक्शन जारी करने के लिए लगने वाले शुल्कों को पूर्व-निर्धारित (Pre-specified) किया जाना आवश्यक है। संबंधित नियम का प्रासंगिक अंश निम्नलिखित है:

